**राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उत्तराखण्ड**
**रा0गां0न0वि0 आई0टी0 परिसर, नालापानी ननूरखेड़ा, देहरादून।**

---

## विज्ञप्ति

**आदेश संख्या – शो0मू0 / 130 / बी.आर.पी.–सी.आर.पी. / 2014–15 दिनांक 27 जून 2014।**

एस.सी.ई.आर.टी., उत्तराखण्ड द्वारा शासनादेश सं0 : 226 / XXIV / (1) / 2013–25 / 2006 दिनांक 05 फरवरी 2013, शासनादेश सं0 : 744 / XXIV / (1) 2013–25 / 2006 दिनांक 01 अगस्त 2013, शासनादेश सं0 : 1359/XXIV / (1) 2013–25 / 2006 दिनांक 13 दिसम्बर 2013, शासनादेश संख्या– 124/XXIV(1)2013-25/2006 दिनांक 3 फरवरी 2014 एवं शासनादेश संख्या– 351/XXIV(1)2014-25/2006 दिनांक 31 मार्च 2014 के क्रम में सर्व शिक्षा अभियान योजनान्तर्गत सृजित ब्लाक संदर्भ व्यक्ति (बी0आर0पी0) तथा संकुल संदर्भ व्यक्ति (सी0आर0पी0) के रिक्त पदों पर पदस्थापना हेतु निर्धारित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। किसी अभ्यर्थी द्वारा बी0आर0पी0 एवं सी0आर0पी0 दोनों पदों के लिए आवेदन की दशा में प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन किया जाएगा तथा प्रत्येक आवेदन–पत्र के साथ निर्धारित शुल्क के रूप में ₹ 250.00 (दो सौ पचास रुपये मात्र) का ड्राफ्ट संलग्न करना होगा। बी0आर0पी0 पद हेतु एक ही विषय के लिए आवेदन पत्र स्वीकार्य होगा। अभ्यर्थी को आवेदन पत्र में पद स्थापना हेतु इच्छित जनपदों को वरीयताक्रम में अंकित करना होगा। आवेदन पत्र निर्धारित संलग्नकों एवं **शुल्क ₹ 250.00 (दो सौ पचास रुपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट, निदेशक, अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण उत्तराखण्ड के नाम से जो कि एस.बी.आई. सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून में देय** हो के साथ **केवल पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक 26 जुलाई 2014 अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यालय अपर निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय परिसर, आई0टी0 भवन, नालापानी, ननूरखेड़ा, देहरादून – 248008 के पते पर पहुँच जाने चाहिए।** अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त एवं अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन हेतु अनिवार्य अर्हताएं निम्नलिखित है–

i. मूल धारित पद वेतनमान (रू 9300-34800, GP- रू 4600) में कार्यरत राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक / उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापक / माध्यमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापक (एल.टी.) जिन्होने उल्लिखित पदों पर 01 अप्रैल 2014 को 05 वर्ष की सन्तोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो।

ii. आयु सीमाः– दिनांक 01 अप्रैल 2014 को आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**अभ्यर्थी आवेदन की तिथि को जिस जनपद में कार्यरत होगा उसी जनपद से परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा।** आवेदित पद हेतु पदवार योग्यता का विवरण, आवेदन पत्र तथा परीक्षा की विस्तृत जानकारी विद्यालयी शिक्षा अथवा सर्व शिक्षा अभियान उत्तराखण्ड की वेबसाइट **www.schooleducation.uk**, **www.ssa.uk.gov.in** से **A4** साइज के कागज पर डाउनलोड की जा सकती है। जनपदवार पदों का विवरण इस प्रकार है –

| पद का नाम | जनपदवार रिक्त पदों की संख्या | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अल्मोड़ा | बागेश्वर | चमोली | चम्पावत | देहरादून | हरिद्वार | नैनीताल | पौड़ी | पिथौरागढ़ | रूद्रप्रयाग | टिहरी | ऊ0सिं0 नगर | उत्तरकाशी | कुल पदों की संख्या |
| बी0आर0पी0 | 33 | 09 | 27 | 12 | 18 | 18 | 24 | 45 | 24 | 09 | 27 | 21 | 18 | **285** |
| सी0आर0पी0 | 107 | 46 | 78 | 40 | 82 | 54 | 78 | 130 | 92 | 46 | 115 | 65 | 61 | **994** |

i. प्रत्येक संकुल संसाधन केन्द्र में संकुल संदर्भ व्यक्ति (सी0आर0पी0) का एक पद।

ii. प्रत्येक ब्लॉक संसाधन केन्द्र में ब्लाक संदर्भ व्यक्ति (बी0आर0पी0) के विषयवार निम्नलिखित तीन पद–

1. बी0आर0पी0 (हिन्दी अथवा अंग्रेजी ) भाषा का एक पद,
2. बी0आर0पी0 (गणित अथवा विज्ञान) का एक पद,
3. बी0आर0पी0 (सामाजिक विज्ञान) का एक पद।

**अपर निदेशक**
एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड, देहरादून।

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उत्तराखण्ड**
**रा0गां0न0वि0 आई0टी0 परिसर, नालापानी ननूरखेड़ा, देहरादून।**

**विज्ञप्ति**

**आदेश संख्या –शो0मू0 / 189 / बी.आर.पी.–सी.आर.पी. / 2014–15 दिनांक 24जुलाई 2014।**

इस कार्यालय के आदेश संख्या– शो0मू0 / 140 / बी0आर0पी0–सी0आर0पी0 / 2014–15 दिनांक 30 जून 2014 द्वारा ब्लाक संदर्भ व्यक्ति (बी0आर0पी0) तथा संकुल संदर्भ व्यक्ति (सी0आर0पी0) के रिक्त पदों पर पदस्थापना हेतु जारी विज्ञप्ति स्थगित की गयी। उक्त पदों पर पुनः चयन प्रक्रिया के माध्यम से पदस्थापना के लिए निर्धारित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क सहित **पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक 22 अगस्त 2014 अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यालय अपर निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय परिसर, आई0टी0 भवन, नालापानी, ननूरखेड़ा, देहरादून – 248008 के पते पर पहुँच जाने चाहिए।** अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त एवं अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। **जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन किया गया है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।** आवेदित पद हेतु पदवार योग्यता का विवरण, आवेदन पत्र तथा परीक्षा की विस्तृत जानकारी विद्यालयी शिक्षा अथवा सर्व शिक्षा अभियान उत्तराखण्ड की वेबसाइट **www.schooleducation.uk**, **www.ssa.uk.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

**अपर निदेशक**
एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड,
रा0गां0न0वि0 परिसर ननूरखेड़ा
देहरादून

## ब्लाक संदर्भ व्यक्ति एवं संकुल संदर्भ व्यक्ति के पदों पर चयन हेतु आवश्यक अर्हताएँ एवं निर्देश

**1.(क) – ब्लाक संदर्भ व्यक्ति (बी0आर0पी0) पद हेतु निर्धारित अर्हता इस प्रकार हैं–**

| क्र0सं0 | पदनाम व वेतनमान | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | ब्लाक संदर्भ व्यक्ति<br>**(हिन्दी)**<br>(₹9300-34800, GP- ₹4600) | विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सरकार के राजकीय प्राथमिक / उच्च प्राथमिक / माध्यमिक विद्यालयों में समान वेतनमान (₹9300-34800, GP- ₹4600) में कार्यरत ऐसे अध्यापक जिनका **स्नातक स्तर पर हिन्दी विषय** रहा हो। इसके साथ ही समान वेतनमान में संबंधित वर्ष की 01 अप्रैल 2014 को सेवा के 05 वर्ष पूर्ण कर लिए हों तथा परियोजना में कार्य करने की अभिरूचि रखते हो। |
| 2 | ब्लाक संदर्भ व्यक्ति<br>**( अंग्रेजी )**<br>(₹9300-34800, GP- ₹4600) | विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सरकार के राजकीय प्राथमिक / उच्च प्राथमिक / माध्यमिक विद्यालयों में समान वेतनमान (₹9300-34800, GP- ₹4600) में कार्यरत ऐसे अध्यापक जिनका **स्नातक स्तर पर अंग्रेजी विषय** रहा हो। इसके साथ ही समान वेतनमान में संबंधित वर्ष की 01 अप्रैल 2014 को सेवा के 05 वर्ष पूर्ण कर लिए हों तथा परियोजना में कार्य करने की अभिरूचि रखते हो। |
| 3 | ब्लाक संदर्भ व्यक्ति<br>**( विज्ञान )**<br>(₹9300-34800, GP- ₹4600) | विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सरकार के राजकीय प्राथमिक / उच्च प्राथमिक / माध्यमिक विद्यालयों में समान वेतनमान (₹9300-34800, GP- ₹4600) में कार्यरत ऐसे अध्यापक जिनका **स्नातक स्तर पर विज्ञान विषय** रहा हो। इसके साथ ही समान वेतनमान में संबंधित वर्ष की 01 अप्रैल 2014 को सेवा के 05 वर्ष पूर्ण कर लिए हों। तथा परियोजना में कार्य करने की अभिरूचि रखते हो। |
| 4 | ब्लाक संदर्भ व्यक्ति<br>**( गणित )**<br>(₹9300-34800, GP- ₹4600) | विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सरकार के राजकीय प्राथमिक / उच्च प्राथमिक / माध्यमिक विद्यालयों में समान वेतनमान (₹9300-34800, GP- ₹4600) में कार्यरत ऐसे अध्यापक जिनका **स्नातक स्तर पर गणित विषय रहा हो।** इसके साथ ही समान वेतनमान में संबंधित वर्ष की 01 अप्रैल 2014 को सेवा के 05 वर्ष पूर्ण कर लिए हों तथा परियोजना में कार्य करने की अभिरूचि रखते हो। |
| 5 | ब्लाक संदर्भ व्यक्ति<br>**(सामाजिक विज्ञान)**<br>(₹9300-34800, GP- ₹4600) | विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सरकार के राजकीय प्राथमिक / उच्च प्राथमिक / माध्यमिक विद्यालयों में समान वेतनमान (₹9300-34800, GP- ₹4600) में कार्यरत ऐसे अध्यापक जिनका **स्नातक स्तर पर अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीतिक शास्त्र एवं भूगोल विषयों में कोई एक विषय रहा हो।** इसके साथ ही समान वेतनमान में संबंधित वर्ष की 01 अप्रैल 2014 को सेवा के 05 वर्ष पूर्ण कर लिए हों। तथा परियोजना में कार्य करने की अभिरुचि रखते हो। |

**1.(ख) – संकुल संदर्भ व्यक्ति (सी0आर0पी0) के पदों से संबंधित अर्हताएं–**

| क्र0 सं0 | पदनाम व वेतनमान | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | संकुल संदर्भ व्यक्ति<br>(₹9300-34800, GP- ₹4600) | विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सरकार के राजकीय प्राथमिक / उच्च प्राथमिक / माध्यमिक विद्यालयों में समान वेतनमान (₹9300-34800, GP- ₹4600) में कार्यरत स्नातक उपाधि धारक अध्यापक। इसके साथ ही समान वेतनमान में संबंधित वर्ष की 01 अप्रैल 2014 को सेवा के 05 वर्ष पूर्ण कर लिए हों तथा परियोजना में कार्य करने की अभिरूचि रखते हों। |

2. ऐसे अध्यापक जिन्होंने मूल धारित पद वेतनमान (₹9300-34800, GP- ₹4600) में राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापक/माध्यमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापक (एल.टी.) के पद पर 05 वर्ष की सन्तोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो, आवेदन हेतु पात्र होंगे। वर्तमान में ब्लाक संसाधन केन्द्रों एवं संकुल संसाधन केन्द्रों में पदस्थापित बी0आ0सी0 समन्वयक/सह समन्वयक तथा सी0आर0सी0 समन्वयक भी विधिवत आवेदन कर सकते हैं।
3. आयु सीमा – दिनांक 01 अप्रैल 2014 को आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
4. निर्धारित शुल्क – **₹ 250.00 (दो सौ पचास रुपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट, निदेशक, अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण उत्तराखण्ड के नाम से जो कि एस.बी.आई. सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून में देय** हो।
5. **आवेदन पत्र भरे जाने हेतु आवश्यक शर्तें एवं निर्देश –**
   i. अभ्यर्थी द्वारा बी0आर0पी0 एवं सी0आर0पी0 दोनों पदों के लिए आवेदन करने की दशा में प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन किया जाएगा तथा प्रत्येक आवेदन–पत्र के साथ निर्धारित शुल्क के रूप में ₹ 250.00 (दो सौ पचास रुपये मात्र) का ड्राफ्ट संलग्न करना होगा। परीक्षा आवदेन–पत्र, सत्यापन पत्र एवं प्रवेश–पत्र पर निर्धारित स्थान पर **नवीनतम पासपोर्ट साइज का एक जैसा फोटो** लगाना अनिवार्य होगा।
   ii. अभ्यर्थी को आवेदन पत्र में इच्छित जनपदों को वरीयताक्रम में अनिवार्यतः अंकित करना होगा।
   iii. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर पूर्ण कर समस्त वांछित प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय **अपर निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय परिसर, आई0टी0 भवन, नालापानी, ननूरखेड़ा, देहरादून – 248008** को पंजीकृत डाक द्वारा अंतिम तिथि **दिनांक 22 अगस्त 2014** तक या उससे पूर्व पहुँच जाना चाहिए। साधारण डाक द्वारा भेजे गए एवं निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
   iv. आयु की गणना एवं अर्हता हेतु निर्धारित वेतनमान/ग्रेड वेतन में कार्य करने की अवधि की गणना दिनांक 01 अप्रैल 2014, को आधार मानकर की जाएगी।
   v. पदस्थापना की सेवा अवधि का निर्धारण राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप किया जाएगा।
   vi. चयनोपरान्त बी0आर0पी0 तथा सी0आर0पी0 की तैनाती प्रारंभ में एक वर्ष हेतु की जाएगी जिसे वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर बढ़ाने अथवा समाप्त किए जाने पर विचार किया जाएगा। बी0आर0पी0 तथा सी0आर0पी0 का कार्य संतोषजनक/परियोजना हित में न पाए जाने पर राज्य परियोजना निदेशक (सर्व शिक्षा अभियान) द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक)/जिला परियोजना अधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान)/प्राचार्य डायट की संस्तुति पर किसी भी समय उनके मूल विभाग को प्रत्यावर्तित किया जा सकता है।
   vii. सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सृजित बी0आर0पी0 एवं सी0आर0पी0 के पद पर पदस्थापना के उपरांत संदर्भित व्यक्तियों का वेतन का आहरण एवं भुगतान परियोजना अवधि तक सर्व शिक्षा अभियान से तथा राज्य सरकार के अंतर्गत सृजित पदों पर भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। पदस्थापित बी0आर0पी/सी0आर0पी0 को अन्य किसी भी प्रकार का लाभ देय नहीं होगा।
   viii. ब्लाक संदर्भ व्यक्ति तथा संकुल संदर्भ व्यक्ति के पदों पर तैनात कार्मिकों का धारणाधिकार (लियन) उनके मूल विभाग के मूल संवर्ग (मण्डलीय/जनपदीय) में होगा।
   ix. भविष्य में शासन द्वारा बी0आर0पी0 तथा सी0आर0पी0 हेतु पृथक संवर्ग बनाए जाने एवं ऐसे संवर्गीय पदों पर नियमित नियुक्ति होने पर नियुक्त बी0आर0पी0 तथा सी0आर0पी0 अपने मूल संवर्ग (मण्डलीय/जनपदीय) के मूल पद पर प्रत्यावर्तित हो जायेंगे।
6. आवेदन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद (बी0आर0पी0 अथवा सी0आर0पी0) का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक है।
7. बी0आर0पी0 (विज्ञान) पद हेतु वही आवेदक अर्ह माने जायेगें जिनका स्नातक स्तर पर भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान विषय में से कोई एक विषय अवश्य रहा हो। बी0एस0सी0 (कृषि) भी इस हेतु अर्ह माने जाएंगे।

8. **आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले अनिवार्य अभिलेख/प्रमाण –**

i. परीक्षा शुल्क ₹ 250.00 (दो सौ पचास रुपये मात्र) का बैक ड्राफ्ट मूल रूप में।

ii. एम0एड0 उपाधि की सत्यापित प्रति।

iii. पी0एच0डी0 उपाधि की सत्यापित प्रति।

iv. प्रारम्भिक शिक्षा परियोजना में कार्य करने का सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र, जिसमें अवधि का स्पष्ट उल्लेख हो।

9. प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापक एवं कार्यरत बी0आर0सी0/सी0आर0सी के आवेदन विधिवत खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अग्रसारित होने चाहिए। सहायक अध्यापक (एल0टी0) के आवेदन संबंधित संस्थाध्यक्ष द्वारा अग्रसारित होने चाहिए।

10. **जो आवेदन पत्र विधिवत सक्षम अधिकारी द्वारा अग्रसारित नहीं होगें अथवा अपूर्ण प्रविष्टियों एवं बिना वांछित संलग्नकों के होगें उन्हें अपूर्ण आवेदन पत्र माना जाएगा एवं उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।**

11. **चयन प्रक्रिया–** ब्लाक संदर्भ व्यक्ति एवं संकुल संदर्भ व्यक्तियों के पदों पर अभ्यर्थियों का चयन (क) लिखित परीक्षा के प्राप्तांक (ख) प्रशिक्षण योग्यता के प्राप्तांक (ग) प्रारम्भिक शिक्षा में परियोजना कार्यो के अनुभव के कुल प्राप्तांकों के योग के आधार पर विज्ञापित पदों के सापेक्ष तैयार की गयी प्रवीणता सूची (Merit List) में से निर्धारित मानदण्ड़ों के अनुरूप किया जाएगा।

12. **चयन हेतु अंक तथा गुणांक –**

(क) **लिखित परीक्षा :** लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होगी। **प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक दिया जाएगा। गलत उत्तर पर ऋणात्मक (1/4 अंक) अंक देय होगे।** लिखित परीक्षा के लिए दो घण्टे का एक प्रश्न पत्र होगा जिसके निम्नांकित दो भाग होंगे–

**भाग – 1 :** 75 अंक (शैक्षणिक अभिवृत्ति, तर्कशक्ति परीक्षण, कम्प्यूटर दक्षता–एम.एस. ऑफिस, सम्प्रेषण कौशल एवं सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्न)

**भाग – 2 :** 75 अंक (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषयों से संबंधित प्रश्न)।

**प्रश्नपत्र का स्तर :** माध्यमिक कक्षाओं के स्तर तक का होगा।

**परीक्षा का माध्यम :** भाषा (अंग्रेजी) को छोड़कर अन्य विषयों में **परीक्षा का माध्यम हिन्दी होगा।**

(ख) **प्रशिक्षण योग्यता :** प्रशिक्षण योग्यता हेतु अंकों का निर्धारण निम्नवत् किया जाएगा –

| क्र.सं. | पद का नाम | परीक्षा का नाम | निर्धारित गुणांक |
|---|---|---|---|
| 01 | बी0आर0पी0 | एम0एड0 | **05 अंक** |
| | | पी0एच0डी0 | **05 अंक**<br>(उसी विषय में पी.एच.डी. होने पर जिस विषय के बी0आर0पी0 हेतु आवेदन किया गया है।) |
| | | | **03 अंक**<br>अन्य विषय में आवेदन किए जाने पर। |
| 02 | सी0आर0पी0 | एम0एड0 | **05 अंक** |
| | | पी0एच0डी0 | **05 अंक** |

**(ग) प्रारम्भिक शिक्षा परियोजना में कार्य करने का अनुभव–** प्रत्येक 1 वर्ष हेतु 2 अंक, अधिकतम 10 अंक देय।

13. **अभ्यर्थी आवेदन की तिथि को जिस जनपद में कार्यरत होगा उसी जनपद से परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा।** परीक्षा एक ही तिथि (रविवार) को निर्धारित समय पर प्रथमतः डायट में तथा आवेदन अधिक होने की स्थिति में डायट के निकटवर्ती किसी सुविधाजनक स्थान पर सम्पन्न होगी। बी0आर0पी0 तथा सी0आर0पी0 पदो हेतु चयन परीक्षा एक ही तिथि को अलग–अलग पारी में होगी। **परीक्षा में सम्मलित होने हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश–पत्र सम्बन्धित जिले के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET) के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे।**

14. चयन होने पर अभ्यर्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

15. परीक्षा केन्द्र, तिथि एवं समय की जानकारी समाचार–पत्रों एवं विद्यालयी शिक्षा अथवा सर्व शिक्षा अभियान उत्तराखण्ड की वेबसाइट **www.schooleducation.uk, www.ssa.uk.gov.in** के माध्यम से पृथक से दी जाएगी।

16. **जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन किया गया है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**